## महत्वपूर्ण एवं खास

### 22 दिसम्बर को होगी स्कूली बसों का होगा फिटनेस परीक्षण

**शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में चालक, परिचालक को वाहन एवं दस्तावेज के साथ होना होगा उपस्थित**

**निर्धारित तिथि में निरीक्षण हेतु वाहन प्रस्तुत न करने पर वाहनों को अनफिट मानकर होगी एकपक्षीय कार्यवाही**

**रायगढ़।** जिला परिवहन अधिकारी, रायगढ़ ने बताया कि 22 दिसम्बर को जिले के सभी स्कूली बसों की फिटनेस जांच की जाएगी। इसके लिए विभाग द्वारा सभी प्राचार्य/स्कूल प्रबंधन को सूचित किया है कि रायगढ़ के क्षेत्राधिकार में आने वाले समस्त स्कूल बसों के चालक, परिचालक को वाहन के साथ समस्त वैध दस्तावेज सहित 22 दिसम्बर 2024 दिन रविवार को प्रात: 10 बजे से शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, रायगढ़ में फिटनेस जांच के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि में निरीक्षण हेतु वाहन प्रस्तुत न करने की दशा में वाहनों को अनफिट मानते हुए प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि परिवहन आयुक्त, छ.ग. रायपुर द्वारा निर्देशित किया गया है कि स्कूल बसों में सुरक्षा एवं सुरक्षित परिवहन हेतु स्कूल बसों के चालकों एवं परिचालकों का दो दिवसीय रिप्रेशर कोर्स आई डी.टी.आर. तेंदुआ-2, अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग. में कराया जाना है। जिसके लिए 27 एवं 28 दिसम्बर 2024 की अवधि नियत की गई है। इस संबंध में भी स्कूलों को सूचित किया गया है कि वहां कार्यरत समस्त चालकों एवं परिचालकों की सूची मोबाईल नम्बर सहित निरीक्षण दिनांक को उपलब्ध कराते हुए उन्हें आई.डी.टी.आर. तेंदुआ-2, अटल नगर, नवा रायपुर छ.ग. में निर्धारित अवधि दिनांक 27 से 28 दिसम्बर को अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया जाए।

### आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों पर 31 दिसम्बर तक दावा-आपत्ति आमंत्रित

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र परसदा एवं टारडीपा सरवानी में आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद तथा आंगनबाड़ी केन्द्र चिरईपानी में आंगनबाड़ी सहायिका के एक पद के लिए छ.ग.शासन के भर्ती नियम निर्देश के तह आवेदन मंगाए गए थे। प्राप्त आवेदनों पर जांच उपरांत प्राविधिक एवं अनंतिम मूल्यांकन पत्रक प्रकाशित कर परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। आवेदिकाओं से प्राप्त आवेदन पत्र के मूल्यांकन के संबंध में कार्यालयीन स्तर से किसी प्रकार की लिपिकीय त्रुटि हुई है तो अपना दावा-आपत्ति आवेदन 20 से 31 दिसम्बर 2024 तक परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)के कार्यालय में लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा।

### धान खरीदी केन्द्र में किसानों से अवैध वसूली का वीडियो हुआ वायरल

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के रतनपुर स्थित धान खरीदी केंद्र में किसानों से अवैध रूप से पैसे वसूलने का मामला सामने आया है. धान के तौल के नाम पर किसानों से खुलेआम पैसे लिए जा रहे हैं, जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है. वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि धान खरीदी केंद्र पर कुछ कर्मचारी किसानों से अवैध वसूली कर रहे हैं. इस वीडियो के सामने आने के बाद केंद्र की व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। यह पहली बार नहीं है जब धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी का मामला सामने आया हो. इससे पहले भी धान के शॉर्टेज और अन्य अनियमितताओं की खबरें आई थीं, लेकिन इस नए वीडियो ने प्रशासन की कार्यशैली पर और भी सवाल खड़े कर दिए हैं.

# खरसिया में आगजनी कांड का खुलासा: तीन आरोपी गिरफ्तार, बदले की रंजिश में वाहन जलाने की साजिश

- **आगजनी कांड के मास्टरमाइंड को पुलिस ने बेमेतरा में दबोचा, पुलिस ने आरोपियों को घटनास्थल ले जाकर कराया घटना का री-क्रिएशन**
- **आरोपियों से घटना में प्रयुक्त बेलेनो कार और महत्वपूर्ण साक्ष्य जब्त**



रायगढ़

खरसिया के शुभम लॉज के बाहर खड़ी दो वाहनों को आग लगाने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुरानी रंजिश के कारण अनिश अग्रवाल (24 वर्ष) ने अपने दो साथियों अमृत ठाकुर (20 वर्ष) और आकाश सूर्यवंशी (24 वर्ष) के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों को उनके गृह नगरों से हिरासत में लेकर लाया गया है।

**क्या है मामला:**

प्रार्थी केशव छपारिया ने 16 दिसंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके लॉज के नीचे खड़ी हीरो मेस्ट्रो स्कूटी और लॉज में ठहरे गुरदीप सिंह की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल को किसी ने रात करीब 12:20 बजे आग के हवाले कर दिया। इस आगजनी से दोनों वाहन पूरी तरह जलकर नष्ट हो गए, जिनकी कुल कीमत रु.1,15,000 थी।, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों पर अप.क्र. 768/24 धारा 324 (5), बीएनएस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**कैसे हुआ खुलासा:**

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल ने घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल को अज्ञात आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। एसडीओपी ने थाना प्रभारी कुमार गौरव साहू और उप निरीक्षक संजय नाग के नेतृत्व में एक टीम बनाई।

पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और साइबर सेल की मदद से संदिग्धों के मोबाइल लोकेशन का विश्लेषण किया। इस जांच में घटना के समय मुख्य आरोपी अनिश अग्रवाल का लोकेशन खरसिया के आसपास पाया गया। पुलिस की टीम ने उसे उसके निवास स्थान बेमेतरा से हिरासत में लिया गया। पूछताछ में उसने अपने साथियों अमृत ठाकुर और आकाश सूर्यवंशी का नाम उजागर किया, जिन्हें भी उनके गृह ग्राम में पुलिस टीम ने दबिश देकर पकड़ा।

**वारदात का कारण और साजिश:**

अनिश अग्रवाल ने पूछताछ में खुलासा किया कि प्रार्थी से रकम और सामान वापस न मिलने की रंजिश में उसने बदले की नीयत से यह साजिश रची। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रार्थी के घर के पास स्कूटी में पेट्रोल डालकर आग लगाई, ताकि टंकी फटने से बड़ा नुकसान हो सके।

**पुलिस की कार्रवाई और सख्त संदेश:**

पुलिस ने आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल की गई बेलेनो कार (UK-07-DY-6700), घटनास्थल पर पहने कपड़े और जूते जब्त किए हैं। आज दोपहर पुलिस टीम ने आरोपियों को घटनास्थल पर ले जाकर घटना का री-क्रिएशन भी कराया गया। मामले में धारा 326(छ), 3(5) बीएनएस की धाराएं जोड़ते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्हे कल रिमांड पर भेजा जावेगा।

**गिरफ्तार आरोपी:**

1. अनिश अग्रवाल पिता सुनील अग्रवाल (24 वर्ष), निवासी नांदघाट, जिला बेमेतरा।
2. अमृत ठाकुर पिता संतोष ठाकुर (20 वर्ष), निवासी नांदघाट, जिला बेमेतरा।
3. आकाश सूर्यवंशी पिता बैशाखू सूर्यवंशी (24 वर्ष), निवासी चिंगराजपारा, बिलासपुर।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका:**

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल और एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के दिशा निर्देशन तथा एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल का सतत पर्यवेक्षण और मार्गदर्शन ने इस कार्रवाई को सफल बनाया गया। इसमें निरीक्षक कुमार गौरव साहू, उप निरीक्षक संजय नाग, प्रधान आरक्षक अशोक देवांगन, शिव पैंकरा, आरक्षक कीर्ति सिदार और साविल चन्द्रा की अहम भूमिका रही। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऐसी साजिशों और अपराधों को अंजाम देने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

## 10 किलो गांजा और बाइक के साथ यूपी के तस्कर को लैलूंगा पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायगढ़



एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के नेतृत्व में जिले में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में 18 दिसंबर 2024 को थाना लैलूंगा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 किलो गांजा के साथ यूपी के गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया।

टीआई लैलूंगा राजेश जांगड़े को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध व्यक्ति बिना नंबर प्लेट वाली सफेद रंग की अपाचे मोटरसाइकिल पर ओडिशा से गांजा लेकर लैलूंगा की ओर आ रहा है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर दोपहर में पुलिस टीम ने ग्राम जमुना में अस्थाई बेरियर लगाकर नाकेबंदी की। कुछ देर बाद, मोटरसाइकिल पर सवार संदिग्ध को रोका गया।

पूछताछ में उसने अपना नाम अशोक कुमार पाल (38 वर्ष), निवासी मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस की सख्ती पर आरोपी ने कबूल किया कि वह पेट्रोल टंकी के ऊपर रखे प्लास्टिक झोले और पीठठू बैग में अवैध गांजा छिपाकर ले जा रहा था।

तलाशी के दौरान, पुलिस ने प्लास्टिक झोले और बैग में खाकी रंग के पेपर में लिपटे कुल 10 पैकेट बरामद किए, जिनमें 10 किलो गांजा था। जब्त गांजे की कीमत रु.1,00,000 आंकी गई है, जबकि मोटरसाइकिल की कीमत रु.70,000 है। इस प्रकार कुल रु.1,70,000 की संपत्ति जब्त की गई।

आरोपी का कृत्य एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी के तहत अपराध पाया गया। तत्काल मामला दर्ज कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

इस महत्वपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश जांगड़े, सहायक उपनिरीक्षक चंदन सिंह नेताम, खेमराज पटेल, प्रधान आरक्षक सुमेश गोस्वामी, आरक्षक सुरेश मिंज, आरक्षक अरुण एक्का और सुखदेव साय की सराहनीय भूमिका रही। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## हत्या के प्रयास मामले में तमनार पुलिस ने बोलेरो ड्राइवर को किया गिरफ्तार

- **आरोपी ड्रायवर पर बोलेरो वाहन को जानबूझकर दीवार में ठोंकर मारकर 6 सिक्योरिटी गार्डों को चोट पहुंचाने का आरोप**

रायगढ़



तमनार पुलिस ने हत्या के प्रयास मामले में फरार आरोपित बोलेरो ड्राइवर सुरेश सिदार (27 वर्ष), निवासी जांजगीर, को गिरफ्तार कर आज रिमांड पर भेज दिया। आरोपित ने जानबूझकर बोलेरो वाहन को दीवार से टकराकर वाहन में सवार 6 सिक्योरिटी गार्डों को गंभीर चोटें पहुंचाई थीं।

15 नवंबर 2024 को सिक्योरिटी गार्ड अमन कुमार (24 वर्ष) डोंगामौहा थाना तमनार मूल निवास करोडा थाना पुडंरी जिला कैथन हरियाणा ने तमनार थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 6 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे वे अपने अन्य साथियों के साथ बोलेरो (सीजी 12 बीएन 3410) में ड्यूटी पर निकले थे। रास्ते में गाड़ी रोकने का निर्देश देने पर चालक सुरेश सिदार ने गुस्से में गाली-गलौज शुरू कर दी और धमकी दी, "आज तुम लोगों का अंतिम दिन है।" इसके बाद, उसने जानबूझकर गाड़ी को सीएचपी आउटसाइड की दीवार से टकरा दिया। इस हादसे में अमन कुमार सहित कृष्णा चौधरी, आदर्श राय, रिंकु कुमार, नीरज सिंह, मनीष और भरत गोप को गंभीर चोटें आई। घायल गार्डों को इलाज के लिए रायगढ़ भेजा गया।

थाना प्रभारी तमनार, निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर ने हमराह स्टाफ के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। घायलों के बयान दर्ज कर मामले में आरोपित के खिलाफ अप.क्र. 288/2024 धारा 109 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया। घटना के बाद से आरोपित सुरेश सिदार फरार था। पुलिस ने लगातार प्रयास कर आज मुखबिर की सूचना पर उसे जांजगीर से गिरफ्तार कर लिया।

इस गिरफ्तारी में थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर, प्रधान आरक्षक देव प्रसाद राठिया और आरक्षक पुरुषोत्तम सिदार की अहम भूमिका रही।

## जल जीवन मिशन से हर घर पहुंचा जल, ग्रामीणों का जीवन हुआ आसान

- **घर-घर पहुंचा शुद्ध पेयजल, हो रही समय की बचत**

रायगढ़





जल जीवन मिशन ने ग्रामीण भारत के जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। पहले जहां गांवों में पानी की कमी और उसकी गुणवत्ता को लेकर समस्याएं होती थी, अब हर घर में नल से स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध है। इस मिशन ने न केवल पानी लाने की परेशानी को खत्म किया है, बल्कि ग्रामीणों का जीवन आसान और अधिक व्यवस्थित बना दिया है। ग्राम रेंगालपाली की बबीता होता कहती है कि पहले काफी दूर से हैण्डपम्प से पानी लाना पड़ता था। इससे दूरी तो होती थी लेकिन पानी है तो जरूरी काम काज के साथ लाना ही है, फिर चाहे घंटों लाइन की समस्या से जूझना क्यों न पड़े। कभी-कभी तो हैंड पम्प खराब होने से ये दिक्कत और भी बढ़ जाती थी। लेकिन आज जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर तक पानी पहुंच रहा है, इससे पेयजल की समस्या दूर तो हुई है, लेकिन समय की बचत होने से घर के सभी काम जल्दी पूरे हो पा रहे है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन से आज स्वच्छ पेयजल के साथ घरेलू उपयोग के लिए पर्याप्त पानी घर बैठे मिल रहा है, यह काफी सुविधाजनक है।

इसी प्रकार गांव के बुजुर्ग हेम सागर ने बताया जल जीवन मिशन ने गांव की महिलाओं के लिए पानी लाने की दिक्कत को खत्म कर दिया है। हमारे समय में महिलाओं को पानी के लिए नदी जाना पड़ता था। फिर हैण्डपम्प के माध्यम से पानी लाए और अब जल जीवन मिशन के माध्यम से घर में पानी पहुंच रहा है। जिससे पानी भरने में महिलाओं को काफी सुविधा हो रही है। वही घर पहुंच पानी की सुविधा बुजुर्गों के लिए तो और भी फायदेमंद है। जो लोग पहले घर से बाहर जाकर नहाने में दिक्कत महसूस करते थे, अब वे आराम से घर में ही नहा सकते हैं। नल से अब दोनों समय पानी आ रहा है, जिससे जिंदगी आसान हो गई है और पानी के लिए किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को गांवों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचने वाली जल जीवन मिशन योजना के लिए धन्यवाद दिया।

## 'परीक्षा पे चर्चा' 2025: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संग संवाद का विद्यार्थियों को मिलेगा मौका

- **'परीक्षा पे चर्चा' के तहत 14 जनवरी तक हो रहा प्रतियोगिता का आयोजन**
- **रायगढ़ जिले के विद्यार्थी माई गर्वमेन्ट पोर्टल पर जाकर प्रतियोगिता में हो सकते है शामिल**

रायगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा और परीक्षा संबंधी संवाद को बढ़ावा देने वाला लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' का आठवां संस्करण इस वर्ष नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों को परीक्षा संबंधी तनाव कम करने और शिक्षा को एक सकारात्मक अनुभव बनाने के उद्देश्य से हर साल आयोजित किया जाता है।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में जिले से परीक्षा पे चर्चा में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है। सभी स्कूलों को निर्देश दिया गया है कि वे इस कार्यक्रम की जानकारी विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों तक पहुंचाएं और सभी स्कूल #PPC 2025 का उपयोग कर अपने स्वयं के पोस्टर, क्रिएटिव और वीडियो तैयार कर साझा करें। चयनित क्रिएटिव को My Gov प्लेटफॉर्म पर प्रदर्शित किया जाएगा। अधिकारियों के साथ बैठकों के माध्यम से इस कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार और भागीदारी को सुनिश्चित किया जा रहा है।


'परीक्षा पे चर्चा' के तहत प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षकों, विद्यार्थियों और पालकों के लिए 14 दिसंबर 2024 से 14 जनवरी 2025 तक किया जा रहा है। प्रतियोगिता में बहुविकल्पीय My Gov प्लेटफॉर्म (http://innovateindia.mygov.in/) पर पूछे जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा और चयनित प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री के साथ संवाद करने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों में से कुछ का चयन एनसीईआरटी द्वारा किया जाएगा। चयनित प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ सीधा संवाद करने का अवसर मिलेगा।

## पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित हुआ 27 वां वार्षिक उत्सव, बच्चों की प्रस्तुति में देश के विभिन्न सांस्कृतिक रंगों की बिखरी छटा

- **स्कूल में मंच से प्रस्तुति देने से छात्रों में बढ़ती है रचनात्मकता व आत्मविश्वास-कलेक्टर कार्तिकेया गोयल**
- **कलेक्टर कार्तिकेया गोयल वार्षिकोत्सव में हुए शामिल, बच्चों का बढ़ाया मनोबल**







रायगढ़

कलेक्टर एवं चेयरमेन विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी कार्तिकेया गोयल के मुख्य आतिथ्य में आज पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय, रायगढ़ में 27 वां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास मनाया गया। कलेक्टर गोयल ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ दीप प्रज्जवल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर, मनोनीत चेयरमेन विद्यालय मैनेजमेंट कमेटी महेश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कलेक्टर गोयल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वार्षिकोत्सव के मंच पर कार्यक्रम देना पढ़ाई के साथ एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। यह छात्रों के संपूर्ण व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होता है। मंच पर सबके सामने प्रस्तुति देने से बच्चों के अंदर की झिझक दूर होती है व रचनात्मकता के साथ आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है,जो हमें ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास प्रदान करती है। पढ़ाई के बिना जीवन अधूरा है, क्योंकि यह हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और अपने सपनों को पूरा करने में मदद करती है। पढ़ाई से हमें न केवल ज्ञान प्राप्त होता है बल्कि यह हमें सोंच, समझ और विश्लेषण करने की क्षमता भी प्रदान करती है। यह हमें अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में मदद करती है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि आज तुम जो मेहनत करोगे उसी के आधार पर आपका भविष्य तय होगा। आपके पास सबसे कीमती और कम समय है जो केवल 25 साल तक है, इसी उम्र में आपको अपने भविष्य का निर्माण करना है। यह उम्र एक बार हाथ से निकल जायेगा तो फिर दोबारा नहीं मिलेगा। इसलिए समय को न गवाते हुए और निरंतर मेहनत कर आगे बढ़े। कलेक्टर गोयल ने बच्चों को कहा कि सोशल मीडिया एवं टीवी पर समय व्यर्थ न करते हुए पढ़ाई पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि रेडियो सूनने के साथ ही न्यूज पेपर एवं करेंट अफेयर्स को नियमित रूप से पढ़े, जिससे आपका ज्ञानवर्धन होगा। आपके पास एक अच्छा स्कूल है, जहां पूरा संसाधन है एवं माता-पिता का सपोर्ट है तो उसका फायदा उठाये और पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़कर अपने माता-पिता का सहयोग करते हुए देश-दुनिया में अपना नाम रोशन करें। मौके पर कार्यक्रम का संचालन विद्यार्थियों द्वारा किया गया। मुख्य अध्यापक बी.साहू कार्यक्रम में आभार व्यक्त किए।

**बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति-** 27 वां वार्षिक उत्सव के दौरान पीएमश्री विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बिहू, बंगाली, छत्तीसगढ़ी, संबलपुरी, राजस्थानी, गुजराती, पहाड़ी, कव्वाली, लघु नाटिका में प्रस्तुति दी। इस दौरान शिक्षकों ने भी नृत्य में अपनी प्रस्तुति दी।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले हुए सम्मानित-**

27 वां वार्षिक कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य डॉ.पी.के.षडंगी द्वारा सात्र 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके पश्चात सत्र 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480